मुंबई के 11वे राष्ट्रीय वसंत नाट्य समारोह में
प्रदर्शनकारी कला विभाग के विध्यार्थियों की सहभागीता

वर्धा, दि. 12: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयके प्रदर्शनकारी कला विभाग (फिल्म एवं थिएटर) के




विध्यार्थियोंने, मुंबई विश्वविद्यालयमें सम्पन्न 11वे राष्ट्रीय वसंत नाट्य समारोह में प्रस्तुत 'अंधार पाहिलेला माणूस' इस मराठी नाटकमें अभिनय कर अपनी सहभागीता दर्ज की. यह नाटक लोकसंत गाडगेबाबाके क्रांतीकारी कार्यपर आधारित है.

स्थानिक पिपल्स थिएटर असोसिएशनद्वारायह नाटकइस राष्ट्रीय नाट्य समारोह मेंप्रस्तुत किया गया था.एम.ए.के पूर्व विद्यार्थी राजू बावने नाटक के निर्माता एवं सह निर्देशक थे.नाटकका लेखन एवं निर्देशन प्रदर्शनकारी कला विभागके असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सतीश पावडे का था .बी.वोक. के विद्यार्थी आकाश कांबले, भूषण भोयर, मयूर चिकटे, खुशबू गर्गेलवार, अश्विनी रोकडे, सोनाली पाडे, आयुषी चांदेकरआदि विध्यार्थियों ने विविध भूमिका निभाई. विश्वविद्यालयके अनुवाद विभागाके विद्यार्थी राजू बावने तथा डॉ. स्मिता वानखेडे, एवं विभागके पूर्व विद्यार्थी अंकुश डांगे ने भी इस नाटक मे भूमिकाएँ अदा की.

इस नाटकमें अमरावती के दिलिप खत्री, डॉ.विलास पकडे, रत्नाकर शिरसाठ, मृणाल ढोले, गौरव काले साथ हीवर्धा के जयवंत भालेराव, प्रा. प्रफुल्ल बन्सोड, मेघा तुपकर, गौतम पाटील, सूर्यप्रकाश पांडे, विपीन कडू आदिने भी अपनी भूमिकाएँ निभाई.बी.वोक. के विद्यार्थी पियुष मांढरे संगीत निर्देशक थे. पेंटर संजय आणि चंद्रकांत तिलले बंधू ने मंच विन्यास किया . पूर्व विद्यार्थी आलोक निगम, सागर देवके ने प्रस्तुती सहायक के रूप में कार्य किया.अकादमी आफ थिएटर आर्ट्स, मुंबई विश्वविद्यालयमुंबई, संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपूर, द.म.सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर के संयुक्ततत्वाधान में इस राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन विश्वविद्यालयके मुक्ताकाशी रंगमंच पर किया गया था.

इस अवसर पर विशेष अतिथीके रूप में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालयके पूर्व निदेशक पद्मश्री वामन केंद्रे, अ.भा. मराठी नाट्य संमेलनके अध्यक्ष,नाटककार प्रेमानंद गज्वी, सुप्रसिद्ध अभिनेता अशोक लोखंडे, प्रवीण बाबी, अभिनेत्री किरण

शरद, समाज सेविका डॉ.सुचिरिता, लेखिका डॉ. शामल गरुड, चित्रकार, कवी डॉ. सुनील अवचार सुप्रसिद्ध फोटो जर्नलिस्ट शेखर सोनी, स्टार प्रवाहके  कमर्शियल हेड नरेंद्र मुधोलकर, अभिनेत्री गौरी केंद्रे आदि उपस्थित थे. नाट्य प्रस्तुति के उपरांत नाटककार,निर्देशक डॉ. सतीश पावडे के साथ सभी नाट्य कलाकारों का पद्मश्री वामन केंद्रे के कर कमलों द्वारा भावभीना सत्कार किया गया.राष्ट्रीय वसंत नाट्य महोत्सवकासंयोजन अकादमी आफ थिएटर आर्ट्सके प्रभारी निदेशक डॉ. मंगेश बन्सोड ने किया.